# University in News on 04 May 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### सांस्कृतिक धरोहर पर चर्चा

लखनऊ। लविवि के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य प्रवाह की संस्थापक डॉ. मीरा सिंह ने हमारी धरोहर विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने स्त्री विमर्श पर केंद्रित लक्षिता उपन्यास और मूल्यों पर आधारित जीवन प्रवाह रचना का उल्लेख करते हुए बलिया से फिलाडेल्फिया तक के संघर्ष की चर्चा की।

### जीता पुरस्कार

लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के अंतर्गत प्रो बोनो क्लब की ओर से प्रथम डॉ. शंकर दयाल शर्मा प्रो बोनो कॉन्क्लेव का शनिवार को आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी और विशिष्ट अतिथि कुलपति आरएमएनएलयू डॉ. अमरपाल सिंह रहे। कार्यक्रम में दो पुस्तकों का विमोचन हुआ। नीति निर्माण प्रतियोगिता में एमिटी ग्वालियर के प्रत्याक्ष व प्रियांशु को विजेता और दिल्ली विवि की दीया व दिपांशु को उप विजेता का खिताब मिला। क्लब गतिविधियों में आशी व महक विजेता और उत्सवी पटेल को उप विजेता घोषित किया गया। (संवाद)

### जून में होगी प्रवेश परीक्षा, जुलाई से काउंसिलिंग

#### लखनऊ विश्वविद्यालय ने पुख्ता की तैयारियां, नहीं बेपटरी होगा शैक्षणिक सत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार शैक्षणिक सत्र को किसी भी दशा में पिछड़ने नहीं देगा। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और प्रवेश विभाग ने अभी से कमर कस ली है। नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फिलहाल इसकी अंतिम तिथि 15 मई तय की गई है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि प्रशासन का प्रयास है इस बार किसी भी मायने सत्र न पिछड़ने पाए। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जून माह में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जुलाई के पहले या दूसरे सप्ताह से स्नातक पाठ्यक्रमों के काउंसिलिंग शुरू हो जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया के बाद कक्षाओं का संचालन शुरू होगा। बताते चलें कि कोरोना के बाद से कई वर्षों में लविवि का शैक्षणिक सत्र बेपटरी रहा। इसमें एक बड़ा कारण कोविड तो रहा और इसके बाद परीक्षाओं में देरी के चलते भी सत्र पिछड़ने की बात सामने आई है।

#### कुलपति ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार से सम सेमेस्टर परीक्षाओं का आगाज हो गया। पहले दिन सुबह की पाली में 07:30 बजे से बीए समेत अन्य कोर्स की परीक्षाओं की शुरूआत हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कई विभागों में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का प्रश्नपत्र देखते हुए उनसे सवाल जवाब किए। उड़ाका दल ने भी विवि और कॉलेजों में औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार। -संवाद

#### सात पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के सात पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम शनिवार को घोषित कर दिया। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी, बीए व बीकॉम एनईपी चतुर्थ सेमेस्टर, एमए गृह विज्ञान और एमए या एमएससी फोरेंसिक साइंस, मानव विज्ञान व गणित द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी हुआ है। इसी तरह एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रिशियन एंड डाइटेक्टिस द्वितीय सेमेस्टर का भी शेड्यूल घोषित हुआ है। विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी ले सकते हैं। (संवाद)

## NBT PAGE 4

### इंडियाज डॉटर्स कैंपेन का समापन



■ NBT न्यूज, लखनऊः स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (SHEF) की ओर से शनिवार को एलयू के मनोविज्ञान विभाग और महिला अध्ययन संस्थान के सहयोग से आयोजित वार्षिक बालिका अधिकार 2024- 25 का समारोह का समापन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम शामिल हुईं। इस दौरान इंडियाज डॉटर्स कैंपेन 2025 में चैंपियनों का सम्मान भी किया गया। उन छात्रों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिन्होंने लैंगिक भेदभाव खत्म करने के प्रयास किए। कार्यक्रम में प्रेरणा गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने प्रस्तुति दी। इस दौरान लखनऊ यूनिवर्सिटी की प्रो वीसी प्रो. मनुका खन्ना, एकता सिंह मौजूद रहे।

### कैंटीनों को दुरुस्त करेगी DSW की टीम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एलयू की कैंटीन की गुणवत्ता को दुरुस्त करने की कवायद अब एलयू की ओर से शुरू कर दी गई है। हाल में एफएसडीए की टीम ने जहां मेस की छापेमारी कर सवाल उठाए तो छात्रों की ओर से भी विवि प्रशासन को ज्ञापन देकर खाने की गुणवत्ता को दुरुस्त करने की मांग की जा रही है। हाल में इसे लेकर छात्रों की ओर से प्रदर्शन भी किया गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए एलयू के डीएसडब्ल्यू की ओर से अब एक टीम बनाई गई है जो हॉस्टलों की व्यवस्था को लगातार परखेगी और उसे दुरुस्त करेगी। एलयू के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डीएसडब्ल्यू व प्रोवोस्टों की टीम ने शनिवार को हॉस्टलों का दौरा किया। इसमें जहां गंदगी थी उसे साफ करने का आदेश दिया। इसके अलावा खाने की गुणवत्ता व अन्य समस्याओं को लेकर भी टीम मॉनीटरिंग कर रही है। मेस की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अब टीम लगातार निरीक्षण करेगी। वहीं, एक कैंटीन में लाइसेंस संबंधी जो कमी है उसे दुरुस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गईहै।

## HINDUSTAN PAGE 7



एलयू में शनिवार से शुरू हुई परीक्षाओं का जायजा लेते कुलपति आलोक कुमार राय।

### एलयूः यूजी-पीजी के सात कोर्स का शेड्यूल जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसकी सूचना परीक्षा नियंत्रक ने जारी की है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी, बीए व बीकॉम एनईपी चतुर्थ सेमेस्टर, एमए गृह विज्ञान और एमए या एमएससी फॉरेंसिक साइंस, मानव विज्ञान व गणित द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। इसी तरह एडवांस डिप्लोमा इन क्लीनिकल न्यूट्रिशियन एंड डाइटेक्टिस द्वितीय सेमेस्टर का भी शेड्यूल घोषित हुआ है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं।


वहीं शैक्षिक सत्र 2024-25 सम सेमेस्टर परीक्षाओं का शनिवार को आगाज हो गया। परीक्षा में शुचिता पारदर्शिता की स्थिति जानने के लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कई विभागों का निरीक्षण किया।

### प्रो. बोनो क्लब सम्मेलन में एमिटी बने विजेता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय अंतर्गत प्रो बोनो क्लब की ओर से प्रथम डॉ. शंकर दयाल शर्मा प्रो बोनो कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी और विशिष्ट अतिथि कुलपति आरएमएनएलयू डॉ. अमरपाल सिंह रहे। दो पुस्तकों सशक्त और डाइमेंशन्स ऑफ एनवायरमेंट : पास्ट, प्रेजेंट एंड फ्यूचर का विमोचन हुआ।

## i-NEXT PAGE 4

### एलयू में समसेमेस्टर परीक्षाएं शुरू



LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी में सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं. जिसके तहत कड़ी निगरानी में स्टूडेंट्स परीक्षाएं दे रहे हैं. यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को बीए सेकेंड ईयर की परीक्षाओं का कक्षाओं में जाकर निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

### एग्जाम शेड्यूल जारी किया गया

एक तरफ जहां विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शुरू हो गई हैं. वही दूसरी तरफ एग्जाम शेड्यूल जारी करने का भी सिलसिला चल रहा है. शनिवार देर शाम बीएससी, बीए, बीकॉम, एमकॉम, एमएससी सम सेमेस्टर के तमाम विषयों का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया गया है. स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर शेड्यूल चेक कर सकते हैं.

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5, 7

### कुलपति ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण



लखनऊ। शनिवार से लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरूआत हो गयी। पहले दिन सुबह की पाली में 7.30 बजे से बीए समेत अन्य कोर्स की परीक्षा में शुचिता और पारदर्शिता की स्थिति जानने के लिए लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय लविवि के ही कई विभागों में औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने छात्र-छात्राओं का प्रश्नपत्र देखते हुए उनसे सवाल जवाब किए। वहीं उड़ाका दल ने भी लविवि और कॉलेजों में औचक निरीक्षण किया। पहले दिन किसी नकलची के पकड़े जाने की सूचना नहीं मिली है।

### लविवि विधि संकाय में बोनो कॉन्क्लेव का आयोजन



#### पुस्तक सशक्त व पर्यावरण के आयामः भूत, वर्तमान और भविष्य का लोकार्पण

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय अंतर्गत प्रो बोनो क्लब के तत्वावधान में शनिवार को प्रथम डॉ. शंकर दयाल शर्मा प्रो बोनो कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधि, सामाजिक न्याय, नीति निर्माण और विधिक सेवा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में प्रेरणादायक मंच प्रस्तुत किया गया।

कॉन्क्लेव का शुभारंभ व दो पुस्तकों के विमोचन के साथ हुआ। प्रथम पुस्तक 'सशक्त' एसिड अटैक पीड़ितों हेतु तैयार की गई कानूनी सहायता गाइड है, जिसे प्रो बोनो क्लब ने संकलित किया है। दूसरी पुस्तक 'पर्यावरण के आयामः भूत, वर्तमान और भविष्य' का लोकार्पण न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अमर पाल सिंह ने किया। यह पुस्तक विशेष रूप से एलएलएम के पाठ्यक्रम पर केंद्रित है।

इसके प्रधान संपादक है प्रो डॉ बीडी सिंह तथा संपादक मंडल में प्रो डॉ हरिश्चंद्र राम, स्वराज शुक्ला, प्रो. डॉ. विनीता काचर, विशेष कार्य अधिकारी, डॉ. आलोक कुमार यादव, संकाय प्रभारी, प्रो बोनो क्लब डॉ सुधीर वर्मा, सह-संकाय प्रभारी, प्रो बोनो क्लब डॉ. अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता शामिल है। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि प्रो बोनो क्लब न केवल विधिक ज्ञान के प्रचार में बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को अग्रणी भूमिका निभा रहा है।